जागरण

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 115 किलो नकली मावा पकड़ा

Publish Date:Sun, 17 Nov 2019 10:30 PM (IST)

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 115 किलो नकवी मावा पकड़ा

बिलासपुर : खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चेकिंग के दौरान भोट थाना क्षेत्र में बोलेरो गाड़ी से 115 किलो नकली मावे को बरामद कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा है। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि रामपुर दिशा की ओर से बोलेरो में नकली मावा लेकर रुद्रपुर की ओर जा रही है। सूचना मिलते खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस प्रशासन के साथ हाईवे पर वाहनों की चेकिंग शुरु कर दी। रामपुर की ओर आ रही बोलेरो को रोककर उसकी तलाशी लेने पर भीतर नकली मावा बरामद हुआ। टीम ने मावे को कब्जे में ले लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक हरिओम निवासी गांव वीरपुर वरियार उर्फ खरक थाना मूंढापांडे मुरादाबाद के कब्जे से चार कट्टों में कुल 115 किलो नकली मावा बरामद हुआ। मावे का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। जांच के पश्चात उचित कार्रवाई की जाएगी। जासं

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/rampur-mava-rampur-19766290.html